मिस फ्रिजल की कक्षा डायनोसॉरों के चित्र बना रही है। लेकिन डोरथी एन ने अपने पालतू तोते का चित्र बनाया है। राल्फी उससे कहता है कि उसका तोता एक पक्षी है, डायनोसॉर नहीं। कौन सही है?




चलो, मिस फ्रिजल की कक्षा के साथ उड़ान भरें और डायनोसॉरों के बारे में सभी प्रकार के सच जानें।

ISBN-10: 81-7655-992-X
ISBN-13: 978-81-7655-992-8

SCHOLASTIC
www.scholasticindia.com

# मैजिक स्कूल बस

## डायनोसॉरों के साथ उड़ान




SCHOLASTIC



Written by Martin Schwabacher.
Illustrated by Carolyn Bracken.
Designed by Rick DeMonico
Based on *The Magic School Bus* books
written by Joanna Cole and illustrated by Bruce Degen.

The author and editor would like to thank Carl Mehlina and Sean Mortha
of the American Museum of Natural History, New York City,
for their expert advice in preparing this manuscript.

No part of this publication may be reproduced in whole or in part, or stored in a retrieval system, or transmitted in any form or by any means, electronic, mechanical, photocopying, recording, or otherwise, without written permission of the publisher. For information regarding permission, write to Scholastic Inc., Attention: Permissions Department, 557 Broadway, New York, NY 10012.

Copyright © 2005 Joanna Cole and Bruce Degen. First published in English by Scholastic Inc. in September 2005. All rights reserved. SCHOLASTIC, THE MAGIC SCHOOL BUS, and associated logos are trademarks and/or registered trademarks of Scholastic Inc.

Translated into Hindi by Vinita Singhal

Hindi translation © 2008 Scholastic India Pvt. Ltd.

Published in January 2008 by Scholastic India Pvt. Ltd.
Golf View Corporate Tower-A, Third Floor, DLF Phase-V, Gurgaon 122 002.

ISBN-10: 81-7655-992-X
ISBN-13: 978-81-7655-992-8

# मैजिक स्कूल बस

## डायनोसॉरों के साथ उड़ान




आरनोल्ड राल्फी कीशा फोबे कारलोस टिम वांडा डोरथी एन

**स्कॉलास्टिक**
न्यूयॉर्क टोरंटो लंडन ऑकलण्ड सिडनी
मेक्सिको सिटी नई दिल्ली हाँग काँग ब्यूनस आयर्स


मिस फ्रिजल की कक्षा में होना मज़ेदार है।
उनकी पोशाकें अजीब-सी हैं।
उनके जूते अजीब-से हैं।
टेरोसॉर
डायनोसॉर
पक्षी
हमारी बस अजीब-सी है।
यह है मैजिक स्कूल बस!
आजः
डायनोसॉर
यह हमें कहीं भी, किसी भी समय ले जा सकती है।


आज हम डायनोसॉरों के बारे में पढ़ रहे हैं।
हम सब एक मनपसन्द डायनोसॉर चुनते हैं।
फिर हम चित्र बनाते हैं।





डोरथी कहती है, उसका पालतू तोता दिनाह ही उसका मनपसन्द डायनोसॉर है।
"तोता डायनोसॉर नहीं होता," राल्फी कहता है।
"यह एक पक्षी है," टिम सहमत है।




डोरथी हमें बताती है कि पहले पक्षी,
पंखों वाले छोटे डायनोसॉर थे।





"क्या पक्षी सचमुच डायनोसॉरों से जन्मे?"
कारलोस पूछता है।
मिस फ्रिजल की आँखों में वही मज़ेदार चमक दिखती है।
"आओ, कोई सुराग ढूँढें!" वह कहती हैं।



"हम बीते हुए समय में जा रहे हैं।"
मिस फ्रिजल कहती हैं।
वह एक बटन दबाती हैं।
फिर वह एक नॉब घुमाती हैं।





हम खिड़की से बाहर देखते हैं।
सब कुछ बदला हुआ है।
हम डायनोसॉरों के काल में हैं।






बस आगे बढ़ती है।
जल्दी ही, हमें कुछ डायनोसॉर दिखते हैं।
टेरोसॉर
ज़िनज़ौसॉरस
बाहर देखो!
ठीक है। वह डायनोसॉर सिर्फ पौधे खाता है।
चीन
अच्छा है कि मैं पौधा नहीं हूँ।


हमारे ठीक ऊपर कुछ उड़ रहा है।
बहुत बड़ा है!
मिस फ्रिजल कहती हैं कि यह टेरोसॉर है।





मिस फ्रिजल टेरोसॉर के पीछे बस ले जाती हैं।
"आओ, इसे पास से देखें," वह कहती हैं।





बस धीमी हो जाती है।
हम कुछ छोटे डायनोसॉर देखते हैं।
वे अण्डों पर बैठे हैं।
क्या वे पक्षी हैं, मिस फ्रिजल?
चलो, चल कर देखें!
सूराग?
वे पक्षियों के अण्डों की तरह दिखते हैं।
मैं!
कॉडिप्टेरिक्स




उन डायनोसॉरों के पंख हैं!
''क्या वे पक्षी हैं?'' वांडा ने पूछा।
डरो मत, आरनोल्ड।
ये पौधे खाने वाले डायनोसॉर हैं।
और वह जो वहाँ बैठा है?
''नहीं,'' मिस फ्रिजल कहती हैं, ''उनके बाजू हैं, पंख नहीं। वे अपने पंखों का उपयोग गरमाहट के लिए करते हैं, उड़ने के लिए नहीं।''
साइनॉरनिथोसॉरस



तभी आरनोल्ड एक डायनोसॉर देखता है।
उसके रोएंदार, नर्म पंख हैं जो देखने में फर जैसे हैं।
इसके पंजे भी हैं! और यह मांस खाता है!
मिस फ्रिजल कहती हैं कि यह उड़ नहीं सकता,
लेकिन यह ठीक हमारे ऊपर कूदता है।
भागो!
भागो!
भागो!


हम एक पेड़ के पीछे छिपने के लिए
भागते हैं। मिस फ्रिजल ठीक हमारे पीछे हैं।
देखा बच्चों, माँ किस तरह अपने अण्डों की रक्षा करती है?



हम पेड़ पर चढ़ते हैं।
तब हम एक विचित्र पक्षी देखते हैं।
इसके पंख हैं और यह उड़ सकता है।
लेकिन इसके दाँत और एक लम्बी पूँछ भी है।
यह एक पक्षी है!
यह डायनोसॉर है।
यह ... दोनो है?
जीहॉलॉरनिस
माइक्रोरैपटॉर
पहले पक्षी कैसे उड़ते थे?
पक्षियों से पहले, छोटे, पंख वाले डायनोसॉर थे। कोई नहीं जानता आरम्भ में पक्षी कैसे उड़े।
हो सकता है वे पेड़ों पर चढ़े हों और फिर नीचे सरक गए हों।
या पहले पक्षी दौड़ते होंगे। फिर वे उड़ने के लिए अपने पंखों को फड़फड़ाते होंगे।


तुम सही थीं, डोरथी!
पक्षी डायनोसॉरों से ही जन्मे!
अब हम कुछ चोंच वाले, बिना दाँत के पक्षी देखते हैं। वे आज के पक्षियों जैसे दिखते हैं!
चाचा नेड, क्या यह तुम हो?
कन्फूसियूसॉरनिस
अन्दर एक से
डायनोसॉर और पक्षी अलग दिखते हैं, पर उनकी अस्थियाँ बताती हैं कि वे निकट सम्बन्धी थे।
पक्षियों की अस्थियाँ हल्की, खोखली होती हैं। कुछ डायनोसॉरों की भी ऐसी ही होती थीं। इन डायनोसॉरों के बाजू भी होते थे जो पक्षियों के पंखों की तरह मुड़े रहते थे। वे पक्षियों के सम्बन्धी थे।
डायनोसॉर
पक्षी
दोनों पर लागू:
बाजू हिलते हैं और पंखों की तरह मुड़ जाते हैं।
तीन ऊँगलियाँ
कूल्हे की हड्डी पीछे की ओर


अचानक, एक जोर का धमाका होता है।
एक ज्वालामुखी से राख निकलती है!
डायनोसॉर दब जाएँगे!
हम भी!


उसी समय, बस प्रकट होती है।
इसके पंख और पर हैं।
यह एक पक्षी है।
यह मैजिक स्कूल पक्षी है!
दिनाह, जल्दी!
हमें अपने समय में लौटना है!
झाँको!
अब हमें यहाँ से जाना है!


अब हम चीन के ऊपर उड़ रहे हैं। हम फिर से अपने काल में हैं। हम नीचे लोगों को डायनोसॉरों के जीवाश्म ढूँढते हुए देखते हैं।
देखो! उन्हें अभी वे डायनोसॉर मिले हैं जो हमने देखे थे।
उनकी अस्थियाँ अब जीवाश्म हैं।
जीवाश्मों की कहानी
करोड़ों वर्षों के बाद, राख चट्टान में बदल गई। डाइनोसॉरों की अस्थियाँ भी चट्टान में बदल गईं। वे अब जीवाश्म कहलाते हैं। लोग जीवाश्मों को देखते हैं और डायनोसॉरों के बारे में सीखते हैं।


वाह! क्या ट्रिप थी!
डायनोसॉर पुराने हो सकते हैं, लेकिन
हमने उनके बारे में काफी कुछ नया जाना।
क्या पता हम आगे और क्या पाएँगे!
सभी डायनोसॉर नहीं मर गए हैं।
पक्षी जीवित डायनोसॉर हैं।
कार्लोस
डायनोसॉर अस्थियाँ
दिनाह की अस्थियाँ
मिस फ्रिजल की पोशाक देखो....
इससे मुझे हँसी आती है।

# पक्षियों और डायनोसॉरों के बारे में कुछ और

इस पुस्तक में डायनोसॉर विचित्र लगते हैं, लेकिन वे सब वास्तविक हैं। वैज्ञानिकों ने उन्हें हाल में ही लिआओनिंग (चीन) में खोजा था।

ये नई खोजें बहुत महत्वपूर्ण थीं। उन्होंने सिद्ध किया कि पक्षी ही पंख वाले जीव नहीं थे। अन्य डायनोसॉरों के भी पंख थे।

डायनोसॉर के पंख समय के साथ बदल गए: पहले कुछ डायनोसॉरों के कोमल, छोटे, रोएंदार पंख थे। फिर कुछ डायनोसॉरों के लम्बे, कड़े पंख थे। अंततः कुछ डायनोसॉरों ने अपने लम्बे, कड़े पंखों का उपयोग उड़ने के लिए किया। इनमें से कुछ डायनोसॉर आरम्भिक पक्षी थे।

पक्षियों के आने के बाद, आरम्भिक पंख वाले सभी डायनोसॉर मरे नहीं। पंख वाले, न उड़ सकने वाले डायनोसॉर, करोड़ों वर्षों तक पक्षियों के साथ-साथ रहे।

इसीलिए मिस फ्रिजल और बच्चों ने जो डायनोसॉर ट्रिप के समय देखे, वे सभी 130 करोड़ वर्ष पहले चीन में एक साथ रहते थे।

